नेतरहाट आवासीय विद्यालय
नेतरहाट

सूचना संख्या : 410 दिनांक : 27.11.2026

अति आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं नेतरहाट प्रवेश परीक्षा 2026-27 के सभी संबंधित आवेदकों को सूचित किया जाता है कि प्राप्त आवेदनों की संवीक्षा के उपरांत अस्वीकृत आवेदनों की सूची (अस्वीकृति के कारणों सहित) विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित कर दी गई है।

छात्रहित एवं मानवीय दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए विद्यालय प्रशासन द्वारा अस्वीकृत आवेदकों को **अंतिम अवसर** प्रदान किया जा रहा है। ऐसे सभी अस्वीकृत आवेदक, जिनके पास अस्वीकृति के कारणों से संबंधित वांछित एवं वैध प्रमाणपत्र **ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि (08-10-2026) से पूर्व के निर्गत** उपलब्ध हैं, वे अपने **आवेदन संख्या (Application No.)** का स्पष्ट उल्लेख करते हुए संबंधित प्रमाणपत्र/प्रमाणपत्रों की स्व-अभिप्रमाणित (Self-Attested) प्रति ईमेल आईडी **netarhatexternalexamination@gmail.com** पर **दिनांक 29-11-2026 (अपराह्न 05:00 बजे तक)** तक अनिवार्य रूप से प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

महत्वपूर्ण निर्देश:

1. केवल उन्हीं प्रमाणपत्रों पर विचार किया जाएगा जो **आवेदन की अंतिम तिथि (08-10-2026) से पूर्व निर्गत** किए गए हों। आवेदन की अंतिम तिथि के पश्चात बने किसी भी प्रमाणपत्र को स्वीकार नहीं किया जाएगा।
2. ईमेल भेजते समय विषय (Subject) में **आवेदक का नाम** एवं **Application No.** स्पष्ट रूप से अंकित होना अनिवार्य है।
3. निर्धारित तिथि एवं समय (**दिनांक 29-11-2026, अपराह्न 05:00 बजे**) के पश्चात प्राप्त होने वाले किसी भी अभ्यावेदन अथवा दस्तावेज पर विचार नहीं किया जाएगा। इसे इस संबंध में **अंतिम अवसर** समझा जाए।

27/11/26

प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय
नेतरहाट